Date – 10/07/2020

## ३.वाद्य-यंत्रों की अनोखी दुनिया

- सही के लिए (✓) और गलत के लिए (X) का निशान लगाइए -

१. जाकिर हुसैन प्रसिद्ध संतूरवादक हैं । ( X )

२. उस्ताद बिस्मिल्ला खान विश्व के सर्वश्रेष्ठ शहनाईवादक माने जाते हैं । (✓)

३. तबला मूल रूप से कश्मीर का लोक-वाद्य है । ( X )

४. शहनाई को फूँक से बजाया जाता है । ( ✓ )

- सही उत्तर पर ✓ लगाओ और वाक्य पूरे करो -

१. पंडित रवि शंकर और उस्ताद लियाकत खाँ __________ वादक हैं ।

सितार ✓ संतूर बाँसुरी तबला

२. ________ को लकड़ी की छोटी छड़ों से बजाया जाता है ।

सितार संतूर ✓ बाँसुरी तबला

३. बड़े आकार के तबले को ___________ कहा जाता है ।

बायाँ ✓ दायाँ ढोलक डमरू

## भाषा - ज्ञान

**1. विपरीतार्थक शब्द लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अधिक | × | ....कम/न्यून.... | बड़ा | × | ....छोटा.... |
| दायाँ | × | ....बायाँ.... | जीत | × | ....हार.... |
| पतला | × | ....मोटा.... | प्रशंसनीय | × | ....निंदनीय.... |
| अंतिम | × | ....प्रथम.... | नज़दीक | × | ....दूर.... |
| ज्ञात | × | ....अज्ञात.... | एक | × | ....अनेक.... |

**2. पढ़ो, समझो और लिखो—**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| द् + य | = | द्य | ....वाद्य.... | ....विद्या.... | ....विद्यमान.... |
| च् + छ | = | च्छ | ....स्वच्छ.... | ....स्वच्छंद.... | ....स्वेच्छा.... |
| द् + ध | = | द्ध | ....सिद्ध.... | ....सिद्धि.... | ....सिद्धांत.... |
| स् + त | = | स्त | ....अस्त.... | ....आस्तीन.... | ....आश्वस्त.... |
| स् + थ | = | स्थ | ....स्थान.... | ....स्थगित.... | ....स्थायी.... |

**3. पाठ में से व्यक्तिवाचक, जातिवाचक और भाववाचक संज्ञा के दो-दो शब्द छाँटकर लिखो—**

| **व्यक्तिवाचक संज्ञा** | **जातिवाचक संज्ञा** | **भाववाचक संज्ञा** |
|---|---|---|
| ....ज़ाकिर हुसैन.... | ....वाद्य-यंत्र.... | ....लोकप्रियता.... |
| ....पंडित रविशंकर.... | ....देश.... | ....खुशी.... |

**4. नीचे दिए गए प्रत्ययों में से उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाओ—**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| महत्त्व | + | ...पूर्ण... | = | ...महत्त्वपूर्ण... | उल्लेख | + | ...नीय... | = | ...उल्लेखनीय... |
| शास्त्र | + | ...ईय... | = | ...शास्त्रीय... | विकास | + | ...शील... | = | ...विकासशील... |
| भारत | + | ...ईय... | = | ...भारतीय... | परंपरा | + | ...गत... | = | ...परंपरागत... |

5. **उचित सर्वनाम छाँटकर वाक्य पूरे करो—**

i. संतूर प्रसिद्ध वाद्य है। ''' इसे ''' शततंत्री वीणा भी कहते हैं।

ii. सितार तारों में कंपन करके बजाते हैं। शास्त्रीय संगीत में ''' इसका ''' प्रयोग किया जाता है।

iii. पंडित रविशंकर और उस्ताद लियाकत खाँ अच्छे सितार वादक माने जाते हैं। ''' वे ''' विदेशों में भी लोकप्रिय हैं।

iv. भारत में कई प्रकार के वाद्य-यंत्र प्रचलित हैं। ''' कुछ ''' फूँक से बजाए जाते हैं तो कुछ थाप देकर।

v. विभा ने गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। ''' वह ''' शास्त्रीय संगीत सीखती है।

## गृहकार्य

**<u>अभ्यास पत्र</u>**

**१.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाठ से ढूँढ़कर लिखिए -**

प्रश्न १. वाद्य- यंत्र महत्त्वपूर्ण क्यों माने जाते हैं ?

प्रश्न २. सितार को लोकप्रियता के शिखर पर पहुँचाने का श्रेय किसे जाता है ?

प्रश्न ३. पंडित शिवकुमार शर्मा कौन - सा वाद्य यन्त्र बजाते हैं ?

प्रश्न ४. संगीत और अनुशासन का गहरा संबंध है । बताइए कैसे ?

2. पाठांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो— • comprehension

थाप देकर बजाए जानेवाले वाद्यों में तबला सबसे लोकप्रिय वाद्य है। इसका प्रयोग शास्त्रीय संगीत से लेकर पाश्चात्य संगीत तक में किया जाता है। यह उत्तर भारत में अधिक प्रचलित है। संगीत में दो तबलों का प्रयोग किया जाता है। बाएँ हाथ से बजाया जानेवाला यंत्र आकार में बड़ा होता है, इसे बायाँ कहा जाता है।

क. तबले का प्रयोग किस तरह के संगीत में किया जाता है?

ख. तबला कहाँ अधिक प्रचलित है?

ग. संगीत में कितने तबलों का प्रयोग किया जाता है?

घ. दो विशेषण शब्द चुनकर लिखो।